एचसीएमसी-आईटीपीसी द्वारा साइगॉन एग्ज़िबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, डिस्ट्रिक्ट 7, एचसीएमसी, वियतनाम में दिनांक 19-22,10/2022 के बीच खाद्य और पेय पदार्थों की एचसीएमसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी 2022 आयोजित की जा रही है। खाद्य और पेय पदार्थ की एचसीएमसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी 2022 में भाग लेने के लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की भारतीय कंपनियों का भी स्वागत किया जा रहा है।

प्रदर्शनी के आयोजक आईटीपीसी ने भारत से सह-आयोजक बनने का अनुरोध किया है। वे भारतीय प्रदर्शकों और कंपनियों को निर्दिष्ट संख्या में बूथ प्रदान करने पर सहमत हुए हैं। वे प्रदर्शनी में एक विशिष्ट भारतीय पवेलियन स्थापित करने के लिए भी तैयार हैं। यह प्रदर्शनी भारतीय उद्यमियों और खाद्य और कृषि क्षेत्र की कंपनियों को खाद्य पदार्थों के निर्यात के लिए व्यापार का अंवेषण करने, खाद्य और पेय पदार्थों में साझेदारी की योजना बनाने में सहायता करेगी। आईटीपीसी ने एपीडा से इस मेले में भागीदार या सह-आयोजक के रूप में भाग लेने और खाद्य पदार्थों और मशीनरी के भारतीय प्रदर्शकों के साथ आने का भी अनुरोध किया है।

चूंकि वियतनाम के सभी बड़े खाद्य और समुद्री उत्पादों और पेय पदार्थों और पेय उत्पादकों के प्रदर्शनी में शामिल होने की आशा की जा रही है, भारतीय वाणिज्य दूतावास भारतीय उद्यमियों के लिए वियतनामी कंपनियों और प्रांतों के साथ कई बैठकों की व्यवस्था करेगा।

चूंकि एपीडा इस आयोजन में शामिल नहीं हो पाएगा , मेले में भाग लेने के इच्छुक निर्यातक निम्न अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं:

संपर्क: डॉ मदन मोहन सेठी
मेल: cg.hcm@mea.gov.in
फोन: (84-28) 37442400
पंजीकरण के लिए यहां क्लिक करें: https://hcmcfoodex.com/en/

एस. एस. नैय्यर
महाप्रबंधक